भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

<u>श्री संजीव कुमार, आईएएस ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया</u>

नई दिल्ली, 07 अप्रैल, 2021 : 1993 बैच के महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी श्री संजीव कुमार ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । इससे पहले, श्री कुमार महाराष्ट्र सरकार के राज्य आयुक्त-जीएसटी के रूप में कार्यरत थे।

इन्फ्रास्ट्रक्चर और वित्त के क्षेत्र में वृहद अनुभव के साथ, श्री कुमार ने महाराष्ट्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग, ऊर्जा और उद्योग विभाग में काम किया है। उन्होंने महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (MIDC) के संयुक्त सीईओ के रूप में काम किया है और महाराष्ट्र कृषि उद्योग विकास निगम के प्रबंध निदेशक भी रहे हैं।

वह चार साल से अधिक समय तक भारत की सबसे बड़ी विद्युत वितरक कंपनी, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सीएमडी थे और इस अवधि में उनके नेतृत्व में कंपनी ने लगातार चार वर्षों तक लाभ अर्जित किया । उन्होंने संचालन और वित्तीय दक्षता में सुधार करते हुए एमएसईडीसीएल में बड़ी संख्या में लोक हितैषी उपायों को लागू किया। 2005 में श्री कुमार ने मूल्य वर्धित कर (□□□) की शुरूआत के अत्यंत महत्वपूर्ण समय पर राज्य माल कराधान विभाग में विभिन्न पदों पर 05 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएँ दी और अब जी एस टी में अपनी सेवाएँ दे रहे थे ।

श्री संजीव कुमार ने आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय में सभी के लिए आवास परियोजनाओं के लिए संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक के रूप में काम किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के लिए मिशन निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, दायित्वों का निर्वाह करते हुए प्रतिष्ठित योजना को □□□□□□ और लॉन्च किया।

श्री कुमार ने रुड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रुड़की के रूप में जाना जाता है) से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की और आईआईटी, कानपुर से संचार इंजीनियरिंग में एम.टेक किया। उन्होंने जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूशन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में डिग्री भी प्राप्त की है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में अपने नए दायित्व में, श्री कुमार भाविप्रा के विश्वस्तरीय हवाई अड्डे के बुनियादी ढाँचे, शीर्ष-स्तरीय सुविधाओं और विश्व में वायु दिक्चालन सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी बनकर संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
अधिक विवरण हेतु कृपया 011- 24622787 पर म प्र (निगमित संचार) से संपर्क करें
प्रेस विज्ञप्ति सं 01/2021-22

DISPO GUARD